29.03.2026 आकाशवाणी, भोपाल 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में "लॉन्चपैडः इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर" का करेंगे शुभारंभ करेंगे।
- प्रदेश में आज कई हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना।
- आईपीएल में कल बेंगलुरू में हुए पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

दिल्ली-नोएडा हवाई अड्डा-पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यह विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण जहां कई देश तेल समेत अन्य संकट से जूझ रहे हैं, वहीं भारत इस चुनौती से सफलतापूर्वक निपट रहा है।

तेल उपलब्धता

राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि प्रदेश में रसोई गैस एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और इनके वितरण में किसी प्रकार की कमी या बाधा नहीं है। उन्होंने कल बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है, जिससे ईंधन आपूर्ति में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में सिंहासा आईटी पार्क में स्थापित "लॉन्चपैड : इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर" का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद दशहरा मैदान में आयोजित "संकल्प से समाधान अभियान" कार्यक्रम में भाग लेंगे और अमृत 2.0 योजना में विभिन्न जल आपूर्ति परियोजनाओं का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण भी करेंगे। सिंहासा आईटी पार्क में स्थापित "लॉन्चपैड : इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर" की स्थापना आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के संयुक्त सहयोग से की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दशहरा मैदान में "संकल्प से समाधान अभियान" के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितलाभ वितरण करेंगे। प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित इस अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में 1 लाख 44 हजार 912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नर्मदा जल प्रदाय योजना के चौथे चरण का भूमि-पूजन करेंगे।

फसल जीआई टैग

प्रदेश की तीन फसलों- सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी और बैंगनी अरहर को जल्द ही जीआई टैग मिल जाएगा। तीनों फसलों के प्रस्ताव तैयार कर परीक्षण के लिए भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री चैन्नई भेजा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों से 1,000 प्रति क्विंटल पर कोदो कुटकी की खरीदी हो रही है। कोदो-कुटकी की खरीद के लिए 22,000 से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। इन किसानों का 21,000 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इस योजना में 16 जिलों में पहली बार खरीद की जा रही है। जिनमें जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, बालाघाट, सिवनी, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। बैंगनी अरहर दरअसल अरहर

की विशेष किस्म है। इसमें पौधे या फलियों पर बेंगनी रंग की झलक हेती है।

<u>सहयोग सम्मेलन</u>

वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सहयोग सम्मेलन से निवेश, निर्यात, ओडीओपी, शिल्प और पर्यटन को नई गति मिलेगी। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि सम्मेलन में ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारंपरिक शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादों को ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उत्तर प्रदेश की ओडीओपी पहल के अनुभवों और उसके आर्थिक प्रभावों की प्रस्तुति से यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जा सकता है। इस मंच पर दोनों राज्यों के उत्पादों की विशिष्टताओं को रेखांकित करते हुए उन्हें एक साझा ब्रांडिंग दृष्टिकोण के तहत प्रस्तुत करने की दिशा में विचार-विमर्श होगा, जिससे निर्यात संवर्धन और मूल्य संवर्धन के नए अवसर विकसित होंगे।

<u>इंडिगो और एयर इंडिया</u>

राजधानी भोपाल के राजा भोज विमानतल पर आज से विमानों के उड़ान का नया समर शेड्यूल लागू होने जा रहा है। एयरपोर्ट निदेशक के अनुसार, इस सीजन में राजधानी को नवी मुंबई के लिए एक नई सीधी उड़ान की सौगात मिलेगी, जिससे अब कुल 36 उड़ानों का संचालन सुनिश्चित होगा। नए शेड्यूल के तहत इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए अतिरिक्त फेरे शुरू किए जा रहे हैं। विशेष रूप से दिल्ली के लिए अब सर्वाधिक सात दैनिक उड़ानें उपलब्ध होंगी। हालाँकि, परिचालन कारणों से गोवा की सीधी उड़ान आज से बंद कर दी गई है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में आज कई हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र, भोपाल के अनुसार, नया सिस्टम बनने की वजह से कल ग्वालियर और चंबल संभाग में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम केंद्र के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में बारिश का अलर्ट है। यहां 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, सागर, रीवा संभाग के अधिकांश हिस्से में आंधी, बारिश और गरज-चमक वाला मौसम रहेगा।

आईपीएल क्रिकेट

इंडियन प्रीमियर क्रिकेट लीग-आईपीएल का 19वां संस्करण कल से बेंगलुरू में शुरू हो गया। बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये प्रतियोगिता के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हरा दिया। हैदराबाद के 202 रन के लक्ष्य को बेंगलुरू ने 15 ओवर और चार गेंद में हासिल कर लिया। आईपीएल में अपना पहला मैच खेल रहे जैकब डफी ने बेंगलुरू के लिए तीन विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में आज मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियन्स का सामना कोलकाता नाइट राईडर्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

संक्षिप्त की खबरें-

1. मंदसौर में होमगार्ड जवानों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए कल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

2. आगरमालवा स्थित गांधी उपवन के सामुदायिक भवन में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कल किया गया।

3. डिंडोरी जिले ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 85.18 प्रतिशत कवरेज प्राप्त कर लिया है।

4. - भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अभ्यर्थी एक अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www-joinindianarmy-nic-in पर उपलब्ध है।

5. आईआईएम इंदौर में 27वाँ वार्षिक दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया गया। प्रबंधन के दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम(एमबीए) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नव्या जोशी को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

6. शाजापुर जिले की सभी शासकीय स्कूलों में कल एफएलएन मेला आयोजित किया गया।

7. गुना में हनुमान जयंती पर आयोजित होने वाले विशाल मेले की तैयारियों को लेकर कल कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने हनुमान टेकरी पर निरीक्षण किया।

8. छतरपुर में आज महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय के सभा कक्ष में वृहद विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

-------------------------------------------------------------------------------------------------------------------